www.sgbauonline.com

(4) 'पुस्तक जल्हण हत्थ दै चलि गज्जन नृप काज' पंक्ति किसकी हैं ?

(अ) कुशललाभ (ब) चंदबरदाई

(क) नरपति नाल्ह (ड) विग्रहराज

(5) खड़ीबोली हिंदी में रचना करनेवाले पहले कवि कौन हैं ?

(अ) विद्यापति (ब) मीराँबाई

(क) अमीर खुसरो (ड) सुंदरदास

(6) संत कवियों में सर्वाधिक शिक्षित कवि कौन थे ?

(अ) कबीरदास (ब) सुंदरदास

(क) दादू (ड) रैदास

(7) रामानुजाचार्य ने किस दार्शनिक सिध्दान्त की स्थापना की थी ?

(अ) विशिष्टाद्वैतवाद (ब) द्वैताद्वैतवाद

(क) द्वैतवाद (ड) अद्वैतवाद

(8) 'सूफी' शब्द 'सूफ़' से बना है जिसका अर्थ होता हैं —

(अ) गुरू (ब) अध्यात्म

(क) पवित्र (ड) निश्छल

(9) इनमें से कौन-सी रचना तुलसीदास की नहीं हैं।

(अ) रामचरितमानस (ब) विनयपत्रिका

(क) कृष्णगीतावली (ड) अखरावट





M. A. (Part - I) Examination

# HINDI

## Paper - II

## हिंदी साहित्य का इतिहास

P. Pages : 6

समय : तीन घंटे] [कुल अंक : 100

### खण्ड 'क' (दीर्घोत्तरी प्रश्न)

1. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए :—

(1) हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा का उल्लेख करते हुए आचार्य रामचंद्र शुक्ल के कालविभाजन की समीक्षा कीजिए।

(2) 'रासो साहित्य' की परंपरा का संक्षिप्त परिचय देते हुए, रासो काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(3) हिन्दी साहित्य में भक्ति के उद्‌भव और विकास को रेखांकित कीजिए।

(4) संत काव्य की सामान्य प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए।

(5) 'तुलसीदास का संपूर्ण काव्य लोकमंगल की विराट साधना है।' कथन की पुष्टि कीजिए।

(6) रीतिमुक्त काव्य के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए, घनानंद के योगदान की चर्चा कीजिए।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(7) छायावाद की मूलभूत विशेषताएँ लिखिए।

(8) प्रयोगवाद के महत्व को समझाइए।

(9) हिंदी नाटक के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

(10) उर्दू साहित्य का सम्यक परिचय दीजिए। 60

**खण्ड 'ख' (लघुत्तरी प्रश्न)**

2. निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर लगभग **दस से पन्द्रह** पंक्तियों में लिखिए :—

(1) आदिकाल को वीरगाथाकाल क्यों कहा जाता हैं ?

(2) नाथ साहित्य का सामान्य परिचय दीजिए।

(3) सूरदास के वात्सल्य का वर्णन कीजिए।

(4) 'तुलसीदास समन्वयवादी कवि है।' सिध्द कीजिए।

(5) 'भूषण की कविताओं में राष्ट्रीयता भावना विद्यमान है।' सोदाहरण समझाइए।

(6) 'बिहारी ने गागर में सागर भर दिया है।' ऐसा क्यों कहा जाता हैं।

(7) 'भारतेंदुजी को हिन्दी भाषा के प्रति विशेष प्रेम था।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(8) पंतजी को प्रकृति का सुकुमार कवि क्यों कहा जाता हैं।



(9) नाटककार के रूप में मोहन राकेश का मूल्यांकन कीजिए।

(10) आत्मकथा और जीवनी में क्या अंतर हैं ? स्पष्ट कीजिए। 20

**खण्ड 'ग'**

**(वस्तुनिष्ठ / अति लघुत्तरी प्रश्न)**

3. निम्नलिखित निर्देशों के आधार पर उत्तर दीजिए :—

(1) गार्सा-द-तासी द्वारा लिखित हिंदी साहित्य का इतिहास ग्रंथ का नाम हैं —

(अ) इस्त्वार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐन्दुस्तानी

(ब) द मार्डन वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान

(क) ए हिस्ट्री ऑफ हिन्दुस्तानी लिटरेचर

(ड) इनमें से कोई नहीं।

(2) 'हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' के रचनाकार कौन हैं ?

(अ) हजारीप्रसाद द्विवेदी (ब) मिश्रबंधु

(क) डॉ. गणपतिचंद्र गुप्त (ड) डॉ. नगेंद्र

(3) रामचंद्र शुक्ल के 'वीरगाथा काल' नामकरण को किसने 'आदिकाल' कहा ?

(अ) रामकुमार वर्मा (ब) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(क) डॉ. नगेंद्र (ड) बच्चन सिंह



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(10) कृष्णभक्ति काव्य की रचना किस भाषा में हुई हैं ?

(अ) अवधी (ब) ब्रज

(क) खड़ीबोली (ड) बांगरू

(11) रामकथा से सम्बधित किस ग्रंथ में छंदों की विविधता हैं ?

(अ) रामचरितमानस (ब) रामचंद्रिका

(क) रामाज्ञाप्रश्न (ड) साकेत

(12) 'इश्कलता' के रचनाकार का नाम क्या हैं ?

(अ) बोधा (ब) ठाकुर

(क) आलम (ड) घनानंद

(13) ''सतसइया के दोहरे ज्यों नावक के तीर।
देखन में छोटे लगें घाव करें गम्भीर।।''
यह दोहा किस कवि के संदर्भ में कहा गया हैं ?

(अ) रहीम (ब) मतिराम

(क) बिहारी (ड) देव

(14) 'रीतिकाल' को 'श्रृंगारकाल' किसने कहा हैं ?

(अ) मिश्रबंधु (ब) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(क) रामचंद्र शुक्ल (ड) जार्ज ग्रियर्सन

(15) किस कवि को 'एक भारतीय आत्मा' उपनाम से जाना जाता हैं ?

(अ) भारतेंदु हरिश्चन्द्र (ब) बालमुकुन्द गुप्त

(क) श्रीधर पाठक (ड) माखनलाल चतुर्वेदी



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(16) 'छायावाद' को स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह किस आलोचक ने कहा ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) डॉ. नगेंद्र

(क) नामवर सिंह (ड) नंददुलारे वाजपेयी

(17) निराला की किस कविता को 'शोक गीत' कहा गया हैं ?

(अ) कुकुरमुत्ता (ब) राम की शक्तिपूजा

(क) तोडती पत्थर (ड) सरोजस्मृति

(18) 'धूमिल' किसका उपनाम हैं ?

(अ) रघुवीर सहाय (ब) सुदामा पाण्डे

(क) धर्मवीर भारती (ड) राजेश जोशी

(19) 'मैला आंचल' किस प्रकार का उपन्यास हैं ?

(अ) सामाजिक (ब) ऐतिहासिक

(क) आंचलिक (ड) मनोवैज्ञानिक

(20) डॉ. नगेंद्र मूलतः किस श्रेणी के आलोचक हैं ?

(अ) प्रगतिवादी (ब) ऐतिहासिक

(क) रसवादी (ड) मनोविश्लेषणवादी

20



www.sgbauonline.com